तापमान
अधिकतम 46 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, रविवार, 15 जून 2025


14 कंवारी, उगालन व थुराना के मतदाता आज


14 गैर कॉर्पोरेट संस्थाएं कर सकती वित्तीय विवरण के...

## खबर संक्षेप

### सुहानी ने नीट में हासिल की ऑल इंडिया रैंक 3137



**हिसार।** नीट यूजी 2025 के परिणाम में हिसार की बेटी सुहानी गोयल ने शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। सुहानी गोयल ने कुल 583 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 3137 हासिल की है। नीट यूजी 2025 के शनिवार को घोषित परिणाम में सुहानी गोयल ने ऑल इंडिया रैंक 3137 रैंक हासिल की है। सुहानी गोयल कपिल गोयल की पुत्री हैं और शहर के सेक्टर 13 की निवासी हैं। उसकी इस सफलता के पीछे उनके परिवार का विशेष योगदान रहा है। वह कुंदन लाल गोयल की पोती एवं पीएनबी के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक अशोक जैन की नातिन हैं। सुहानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी और शिक्षकों को दिया है। उसने बताया कि निरंतर पढ़ाई, सकारात्मक सोच और परिवार का सहयोग ही उसकी सफलता की कुंजी है। सुहानी की इस उपलब्धि पर परिजनों में खुशी का माहौल है और शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। सुहानी का सपना देश की एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। हिसार शहरवासियों ने भी सुहानी की इस उपलब्धि पर गर्व जताया है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अवैध शराब की 36 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को 36 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बयाना खेड़ा निवासी कुलबीर के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना सदर हांसी पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान उमरा से जमालपुर रोड़ पर एक व्यक्ति की तलाशी के दौरान 36 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब की 36 बोतल बरामद हुई। अवैध शराब के साथ पकड़े गए आरोपी के खिलाफ सदर थाना में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### 440 ग्राम सुल्फा के साथ एक काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत सीआईए पुलिस ने 440 ग्राम सुल्फा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुंढाल निवासी अमन के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सीआईए स्टाफ पुलिस को गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बांडा हेड़ी से सोरखी रोड़ पर नशीले पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर सीआईए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बांडाहेड़ी गांव के नजदीक नाकाबंदी कर सूचना अनुसार मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रुकवाकर डयूटी मजिस्ट्रेट के सामने नियमानुसार तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से 440 ग्राम नशीला पदार्थ चरस बरामद हुई। नशीले पदार्थ के साथ पकड़े गए व्यक्ति को हिरासत में लेकर व्यक्ति के खिलाफ थाना बास में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर नशीले पदार्थ व मोटरसाइकिल को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### नगर परिषद कार्यालय के सामने से स्कूटी चोरी

**हांसी।** नगर परिषद कार्यालय के सामने खड़ी की गई इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने भगतसिंह रोड़ निवासी मोहिनी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में मोहिनी ने बताया कि वह अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर अपने बच्चों के साथ घूमने के लिए किले पर आई थी। और उसने अपनी स्कूटी को नगर परिषद कार्यालय ने सामने पार्क कर दिया। बच्चों के किले का भ्रमण कर जब वह वापस लौटी तो उसकी स्कूटी गायब मिली।

## प्रोफेसर राधेश्याम की गिरफ्तारी और चार सिक्योरिटी गार्ड को बर्खास्त करने के बाद भी नहीं माने छात्र

# आंदोलनकारी छात्रों के आगे झुका हकृवि प्रशासन लाठीचार्ज मामले में बड़ी कार्रवाई, प्रोफेसर सस्पेंड

आंदोलनकारी विद्यार्थियों ने फूंका कुलपति प्रो. काम्बोज का पुतला, दिन भर चला बातचीत का दौर फिर भी नहीं बनीं बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा लगातार दिए जा रहे धरने व आंदोलन को विभिन्न राजनीतिक दलों, किसान संगठनों व अन्य संगठनों द्वारा दिए जा रहे समर्थन के बाद एचएयू प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने मारपीट मामले में शामिल प्रोफेसर राधेश्याम मांझू को निलंबित कर दिया है। इससे पहले चार सिक्योरिटी गार्ड सुरक्षा कर्मी बिजेंद्र, अनूप, जगमेश पूनिया और नरेंद्र को पहले ही बर्खास्त किया जा चुका है। इससे पहले विद्यार्थियों ने अपने आंदोलन की कड़ी में पांचवें दिन गेट नंबर 4 पर धरने पर कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज का पुतला भी फूंका। उधर, विद्यार्थियों को मानने का प्रयास लगातार जारी है। विवि प्रशासन की कार्रवाई के बावजूद छात्र मानने को तैयार नहीं है, वे कुलपति के इस्तीफे तथा एफआईआर में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं।



हिसार। छात्रों को संबोधित करते रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा। फोटो : हरिभूमि



हिसार। धरनास्थल पर कुलपति का पुतला फूंकते छात्र। फोटो : हरिभूमि

### राहुल गांधी व खड़गे करेंगे फोन पर बात

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सांसद रणदीप सुरजेवाला धरने पर पहुंचे और उन्होंने छात्रों की सभी मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि राहुल गांधी जल्द ही धरनारत छात्रों से फोन पर बात करेंगे, इसके लिए उन्होंने दो छात्रों के मोबाइल नम्बर भी लिए। राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे दोनों ही छात्र नेताओं से बात करेंगे तथा उनका हालचाल जानेंगे। युवाओं की लड़ाई संसद से लेकर सडक तक लड़ी जाएगी।

### कुलपति ने बातचीत के लिए बनाई कमेटी

कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने मामले में छात्रों से बातचीत के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है। इस कमेटी के चेयरमैन डायरेक्टर ऑफ रिसर्च डॉ. राजबीर गर्ग और डीन पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज व डीन एग्रीकल्चर डॉ. एसके पाहुजा शामिल हैं। कमेटी ने कार्य शुरू कर दिया है। कमेटी के चेयरमैन ने बताया की छात्रों से बातचीत जारी है कुछ मुद्दों पर सहमति बनी है। उम्मीद है जल्दी ही सब कुछ नॉर्मल हो जाएगा।

### लोकसभा और विधानसभा में गूंजेगी छात्रों की आवाज : सांसद दीपेंद्र हुड्डा

कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा धरनारत छात्रों के बीच पहुंचे। हुड्डा ने छात्रवृत्ति कटौती के विरोध में शांतिपूर्ण धरने पर बैठे छात्रों की मांगों को जायज बताकर उन्हें अपना पूर्ण समर्थन दिया। छात्रों की मांगों को कोई गलत नहीं ठहरा सकता। दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग की कि छात्रों पर हमला करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो और छात्रों को न्याय मिले और वाइसचांसलर को तुरंत बर्खास्त किया जाए या वो खुद इस्तीफा देकर जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों की आवाज यहीं तक सीमित नहीं रहेगी इनकी आवाज देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा और विधानसभा में गूंजेगी।

**वानप्रस्थ ने एचएयू में मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति पर जताई चिंता:** मुंशी प्रेमचंद लाइब्रेरी में आयोजित वानप्रस्थ की साप्ताहिक मीटिंग में एचएयू में चल रही तनावपूर्ण स्थिति पर चर्चा हुई। स्कॉलरशिप में कटौती के विरोध में छात्र प्रदर्शन पर हैं। कोई भी संस्था फिजिकल स्ट्रक्चर से परे वहां के ह्यूमन रिसोर्स से पहचानी जाती है और छात्रों व स्टॉफ के बीच आत्मीय संबंध इसका आधार होते हैं तथा संस्थाओं में हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। मीटिंग में एम एल गुप्ता, पीपी तनेजा, सतीश कौशिक, बलजीत भ्याण, धर्मपाल पनिहार, जितेंद्र सेठी, खजान सिंह, पी सी वर्मा, एस एन पापनेजा, शशि कांत, सुरेश गिरधर, वीरेंद्र आर्य, सतीश कालड़ा आदि माजूद रहे।

### यह भी पहुंचे धरने को समर्थन देने

*शनिवार को धरने को समर्थन देने वालों में कांग्रेस सांसद जयप्रकाश, विधायक नरेश सेलवाल, चंद्र प्रकाश, जस्सी पेटवाड़, इंदुराज नरवाल, बलराम दांगी, पूर्व मंत्री सम्पत सिंह, राजेश सन्दलाना, पूर्व चेयरमैन बृजलाल बहबलपुरिया, धर्मबीर गोयत, धर्मबीर चेयरमैन, आनन्द जाखड़, सतपाल कुल्हडिया, सतेन्द्र सिंह, डॉ. रमेश पूनिया के अलावा एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष रौनक खत्री, पंजाब विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग दलाल, भारतीय किसान यूनियन नेता गुरनाम सिंह चढूनी और रवि आजाद, किसान नेता दिलबाग हुड्डा, सर्वकर्मचारी संघ से वरिष्ठ उपप्रधान नरेश गौतम, जिला सह सचिव अशोक सैनी, हिसार ब्लॉक के प्रधान ओमप्रकाश माल व भिवानी जिले के गोकुलपुरा के अनेक ग्रामीण भी पहुंचे।*

## पुलिस 12 से 26 तक चला रही 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा'

**हिसार।** हर वर्ष 26 जून को 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और उसके विरुद्ध सरकारी प्रयासों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि इसी क्रम में जिला पुलिस की ओर से 12 से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' चलाया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें 'ई-शपथ' के माध्यम से नशे के विरुद्ध संकल्पबद्ध करना है।

## हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल, मां-बेटे पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

मामूली विवाद में हुए हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। वार्ड 6 निवासी घायल युवक आजाद को पहले सीएचसी बरवाला लाया गया जहां पर गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे हिसार के नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त आरोपी अजय और उसकी मां शीला के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है। आजाद ने अपने बयान में बताया कि वो मेहनत-मजदूरी का काम करता है और अपने परिवार में पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा है। शाम को उनके पड़ोसी अजय और रोहित उनके घर के बाहर आपस में अश्लील मजाक कर रहे थे। आजाद ने उन्हें ऐसा करने से रोका, जिसके बाद अजय ने गाली-गलौज शुरू कर दी। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच हाथापाई हो गई, हालांकि पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। अगले दिन की शाम को अजय फिर से आजाद के घर के पास पहुंचा और गत दिन के झगड़े का जिक्र करते हुए उकसाने लगा। आजाद ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन अजय ने फिर से मारपीट शुरू कर दी और वहां से चला गया। कुछ देर बाद अजय अपनी मां शीला के साथ वापस आया।

## गांव माढ़ा में एक युवक टैक्टर सहित लापता

**नारनौंद।** गांव माढ़ा में एक युवक ट्रैक्टर लेकर घर से किसी काम के लिए बाहर गया था। जिसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गांव माढ़ा निवासी विजय ने बताया कि उसका भाई धर्मेंद्र घर से ट्रैक्टर लेकर किसी कार्य के लिए बाहर गया था। जब वह घर नहीं लौटा तो आसपास उसकी काफी तलाश की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सभी रिश्तेदारों से भी पता कर चुके हैं। लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

इंजीनियरिंग कोर्सों के लिए गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया जारी

## जमीनी विवाद को लेकर रिटायर्ड फौजी पर गंडासी से हमला, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

निकटवर्ती गांव शेखपुरा में जमीनी विवाद के चलते भतीजे ने अपने चाचा रिटायर्ड फौजी पर गंडासी से हमला कर घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हमले में घायल रिटायर्ड फौजी को परिजनों ने उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने उसे उपचार के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच घायल रिटायर्ड फौजी शेखपुरा निवासी 64 वर्षीय रामकिशन के बयान के आधार पर मिथुन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। नागरिक अस्पताल में उपचार के दौरान रिटायर्ड फौजी राम किशन ने बताया कि वह सेना से सेवानिवृत्त हैं। वह अपने परिवार के साथ गांव के बाहर खेत पर बने मकान में रहते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे घर के बाहर चारपाई पर बैठे थे। जब वह चारपाई से उठ कर घर के अंदर जा रहे था कि इसी दौरान उसका भतीजा मिथुन बाइक पर वहां आया। उसका रास्ता रोककर उस पर गंडासी से हमला कर दिया। राम किशन ने बताया कि मिथुन ने पहले उनके सिर पर वार किया। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद उसने मेरे हाथ और पैरों पर कई वार किए। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। रामकिशन ने बताया कि उसके द्वारा शोर मचाए जाने गांव का सुभाष नामक मौके पर पहुंचा और आता देख मिथुन बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गया।



हांसी। निजी अस्पताल में उपचाराधीन घायल रिटायर्ड फौजी रामकिशन।

## वीएम स्कूल के कैडेट्स का शानदार प्रदर्शन

**आदमपुर।** आदमपुर के वीएम विश्वास स्कूल के कैडेट्स ने रावलवास स्थित द रॉयल सैनिक विद्यापीठ में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी कैंप में भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्राचार्य मुकेश सिंगला ने बताया कि कैडेट्स ने खो-खो, सिंगिंग, डांस और ड्रामा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण व रजत पदक पर कब्जा जमाया। उन्होंने बताया कि कैंप में भाग लेने से कैडेट्स को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने का अवसर मिला बल्कि उन्हें टीम वर्क और नेतृत्व कौशल का भी अनुभव प्राप्त हुआ। कैडेट्स ने रावलवास स्थित द रॉयल सैनिक विद्यापीठ में आयोजित एनसीसी कैंप में भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्राचार्य मुकेश और एएनओ दयानन्द ने कैडेट्स का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया और बधाई दी।

## आवेदन के लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 30 जून

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नियमित बीटेक व बीटेक लीट पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरु हो गई है। गुजविसहित हरियाणा के इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थानों में संचालित इन कार्यक्रमों में दाखिला हरियाणा स्टेट टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि बीटेक कोर्सिज में दाखिला नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा संचालित जी-मेन्स 2025 के ऑल इंडिया रैंक के आधार पर होगा। दाखिलों के लिए पहली काउंसलिंग के लिए पंजीकरण 30 जून तक कर सकते हैं। पहली काउंसलिंग का सीट अलॉटमेंट का परिणाम एक जुलाई को वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। अलॉटिड संस्थान में उम्मीदवार 02 जुलाई से 04 जुलाई तक फिजिकली रिपोर्ट कर सकते हैं। दूसरी काउंसलिंग के लिए पंजीकरण व च्वाइस फिलिंग व लॉकिंग ऑफ च्वाइसिज 7 जुलाई से 10 जुलाई तक कर सकते हैं। दूसरी काउंसलिंग का सीट अलॉटमेंट का परिणाम 11 जुलाई को वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। अलॉटिड संस्थान में उम्मीदवार 14 जुलाई से 16 जुलाई तक फिजिकली रिपोर्ट कर सकते हैं। बीटेक लीट में दाखिले के लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 26 जून है। बीटेक लीट में दाखिले ओसीईटी-2025 के आधार पर होंगे। पहली काउंसलिंग के लिए च्वाइस फिलिंग 14 जुलाई से 17 जुलाई तक होगी।

## पुलिस का अपराधियों पर कड़ा प्रहार, अपराधी अपराध छोड़ें या शहर : एसपी अमित यशवर्धन

# विशेष सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने 13 आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला पुलिस ने शनिवार सुबह 5 से 11 बजे तक नशे का कारोबार करने वालों तथा अपराध पर अंकुश लगाने तथा अपराध में संलिप्त अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न अपराधों में संलिप्त 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

इस अभियान के दौरान शहर थाना शहर थाना पुलिस ने हनुमान कालोनी निवासी राहुल को अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ गिरफ्तार किया। वहीं जगदीश कालोनी निवासी जयबीर, पुभ बुरलमा, विरेन्द्र, राजूबाला व रुकशाना को बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं नारनौंद थाना पुलिस ने सुलचानी निवासी बिट्टु को बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया। तथा बास थाना बास पुलिस ने इंद्रा कालोनी निवासी नवीन, धर्म खेड़ी निवासी सन्नी, सत्येवान को बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया। वहीं सीआईए स्टाफ हांसी ने ढाणी पाल निवासी अमित व पुरुषोत्तम व 440 ग्राम सुल्फा सप्लायर मुंढाल खुर्द निवासी धर्मबीर तथा 1 किलो 14 ग्राम सुल्फा प्लायर नारनौंद के वार्ड नंबर 11 निवासी सागर को गिरफ्तार कर सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि जिले में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि अपराधी या तो अपराध छोड़ें या फिर पुलिस जिला हांसी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि अपराध और अपराधियों की कमर तोड़ी जा सके।



हांसी। सर्च अभियान के दौरान जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि



नारनौंद। शहर के पुराने बस स्टैंड पर डीएसपी रविंद्र सांगवान के नेतृत्व में पुलिस पैदल गश्त करती हुई। फोटो : हरिभूमि

## पैदल गश्त करके पुलिस ने व्यापारियों को दिया सुरक्षा का भरोसा, नशे पर सख्ती

**नारनौंद।** गाड़ियों में सवार होकर गश्त करने वाली पुलिस अब आपको सड़कों पर पैदल गश्त करती नजर आएगी। इसी कड़ी में डीएसपी रविंद्र सांगवान के नतृत्व में पुराने बस स्टैंड से खांडा मोड तक गश्त करके दकानदारों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही जनता से अपील की कि वह पुलिस का सहयोग करके अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचने का काम करें। डीएसपी रविंद्र सांगवान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने दुकानदारों और ग्रामीण की सुरक्षा के हित को देखते हुए पैदल गश्त करने के आदेश दिए हैं। सप्ताह में तीन-चार बार पुलिस शहर में पैदल गश्त करती नजर आएगी। साथ ही दुकानदारों से संवाद किया जाएगा कि उन्हें शहर में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं। अगर कोई भी साथी तत्व उनको तंग करता है तो वह उसका नाम बताए। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं क्षेत्र में नशे पर पूर्ण रूप से रोकथाम लगाने के लिए भी पुलिस कड़े प्रयास कर रही है। जो भी व्यक्ति नशा बेचने का कार्य कर रहा है उसका नाम बताएं उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं दुकानदारों व ग्रामीणों से अपील की है कि वह शहर में चौकीदार रखें ताकि चोरी की घटनाएं ना हो सके। वही गांव में ठीकरी पहरा लगाकर ग्रामीण अपने गांव की सुरक्षा करने का काम करें। इस अवसर पर थाना प्रभारी बलवान सिंह, सब इंस्पेक्टर सलोचना, एएसआई ओमदत्त, धर्मवीर सिंह इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।

*इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने वाले निवेशकों को अक्सर यह सलाह दी जाती है कि शॉर्ट टर्म की बजाय लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट पर फोकस करें, लेकिन क्या यह सलाह आंकड़ों पर भी खरी उतरती है? इसका जवाब है हां। देश के पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के पिछले 1 साल, 3 साल और 5 साल के प्रदर्शन के आंकड़े इसी बात की गवाही दे रहे हैं कि समय के साथ निवेश पर मिलने वाला रिटर्न बेहतर होता है। लार्ज कैप फंड्स एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है उन निवेशकों के लिए जो कम जोखिम वाले और नियमित रिटर्न वाले निवेश की तलाश में हैं। लार्ज कैप फंड्स एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है। ये कंपनियां आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं और उनके पास एक स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड होता है।*

# मुनाफे का मंत्र : पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के आंकड़ों ने निवेशकों को चौंकाया

**निवेश मंत्रा**

बिजनेस डेस्क

## एक साल से बेहतर 3 साल और 5 साल का रिटर्न

इन पांचों फंड्स के पिछले 1 साल के रिटर्न की तुलना में 3 साल और 5 साल का रिटर्न बेहतर रहा है। इसे और अच्छी तरह समझने के लिए पहले इन फंड्स के पिछले प्रदर्शन के आंकड़ों को देख लेते हैं। हमने यहां जिन 5 लार्ज कैप फंड्स के 1 साल, 3 साल और 5 साल के रिटर्न के आंकड़े दिए हैं, वे एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के हिसाब से अपनी कैटेगरी में टॉप पर हैं. तुलना में आसानी के लिए इन सभी फंड्स को बड़े से छोटे एयूएम हिसाब से लिस्ट किया गया है, एनुअल रिटर्न के हिसाब से नहीं। इस लिस्ट में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू और निप्पॉन इंडिया जैसे फंड हाउस की लार्ज कैप स्कीम शामिल हैं।

> एसआईपी के जरिये करें निवेश, 19 वर्ष में हो जाएंगे करोड़पति
>
> ●
>
> एसआईपी में हर साल करीब 15% का रिटर्न मिलने की संभावना

## पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स का पिछला प्रदर्शन

1. आईसीआईसीआईआई प्रूडेंशियल ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न : 9.73%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.87%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 24.71%
   - एयूएम : 70,909 करोड़ रुपये
2. एसबीआई ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 9.28%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 18.74%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 22.52%
   - एयूएम: 52,994 करोड़ रुपये
3. निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 10.02%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 25.14%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 27.69%
   - एयूएम : 42,863 करोड़ रुपये
4. मिराए एसेट लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 11.11%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 17.01%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.28%
   - **एयूएम : 40,204 करोड़ रुपये**
5. एचडीएफसी लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 6.34%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 20.19%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 23.88%
   - एयूएम : 38,297 करोड़ रुपये




## रिटर्न के आंकड़ों का संकेत

ऊपर दिए आंकड़ों आंकड़ों से एक बात स्पष्ट होती है–इन सभी स्कीम्स का सालाना रिटर्न निवेश की अवधि के साथ-साथ बढ़ा है। इन फंड्स का 1 साल का रिटर्न 6.34 फीसदी से 11.11 फीसदी के बीच है। इक्विटी में निवेश पर लिए जाने वाले रिस्क को ध्यान में रखकर देखें तो इस रिटर्न को बहुत आकर्षक नहीं माना जाएगा। लेकिन इन्हीं फंड्स के 3 साल के एनुअल रिटर्न के आंकड़े 17 फीसदी से 25 फीसदी तक जाते हैं। वहीं, 5 साल के आंकड़ों में यह सालाना रिटर्न 21 फीसदी से 27 फीसदी तक चला गया है। कुल मिलाकर 1 साल, 3 साल और 5 साल के औसत सालाना रिटर्न के आंकड़े यही संकेत दे रहे हैं कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में लंबी अवधि का निवेश बेहतर रिटर्न दे सकता है।

## शॉर्ट टर्म से क्यों बेहतर है लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजी

शॉर्ट टर्म इनवेस्टमेंट में निवेशक जल्दी रिटर्न की उम्मीद करते हैं, लेकिन इसमें मार्केट टाइमिंग का रिस्क ज्यादा होता है। वहीं, लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट में कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है, जो धीरे-धीरे निवेश को बड़ा बनाता है। मिसाल के तौर पर अगर कोई निवेशक 5 साल तक एसआईपी करता है, तो उसे एवरेजिंग की वजह से लॉन्ग टर्म में बेहतर रिटर्न की मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में बाजार की अस्थिरता सामान्य बात है. एक-दो साल में बाजार गिर भी सकता है और रिटर्न नेगेटिव या कम हो सकता है, लेकिन लंबी अवधि में कंपनियों की ग्रोथ और बाजार की रिकवरी से निवेश पर मिलने वाला रिटर्न आमतौर पर बेहतर हो जाता है। इसीलिए 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के लिए निवेश करने पर रिटर्न में स्थिरता और ग्रोथ दोनों मिलती है।

## लार्ज कैप फंड्स की विशेषताएं

- बड़ी कंपनियों में निवेश : लार्ज कैप फंड्स बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं।
- स्थिरता : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर अधिक स्थिर होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।

## लार्ज कैप फंड्स के फायदे

- कम जोखिम : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर कम जोखिम वाले होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।
- विविधीकरण : लार्ज कैप फंड्स पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकते हैं।

# गोल्ड ईटीएफ में फिर बढ़ा निवेशकों का भरोसा

■ सबसे बड़े फंड्स ने 1 साल में दिया 33 से 35% तक रिटर्न ■ तीन साल की अवधि में एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है ■ गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही ■ 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया




गोल्ड ईटीएफ यानी गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में एक बार फिर निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। मई 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो देखने को मिला है, जबकि इससे पहले मार्च और अप्रैल में यह कैटेगरी लगातार दो महीने तक आउटफ्लो झेल रही थी। बीते एक साल में गोल्ड ईटीएफ ने करीब 33% तक का रिटर्न दिया है, वहीं तीन साल की अवधि में इनका एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है। यह परफॉर्मेंस बताता है कि बाजार में उथल-पुथल के बीच निवेशकों को गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही है।

**पैसे की बात**

बिजनेस डेस्क

## क्यों लौटने लगा निवेशकों का रुझान

मार्च में 77.21 करोड़ और अप्रैल में 5.82 करोड़ रुपये का नेट आउटफ्लो दर्ज करने के बाद मई में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसकी प्रमुख वजह रही गोल्ड की कीमतों में मजबूती और ग्लोबल लेवल पर आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता। मई में गोल्ड ईटीएफ ने औसतन 1.10% रिटर्न दिया, जिसमें टाटा गोल्ड ईटीएफ 2.53% के रिटर्न के साथ टॉप पर रहा। यह संकेत है कि निवेशक अब फिर से गोल्ड को एक सुरक्षित एसेट के रूप में प्राथमिकता देने लगे हैं।

## टॉप गोल्ड ईटीएफ फंड्स का पिछला प्रदर्शन

देश के प्रमुख गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स के पिछले प्रदर्शन को देखने से पता चलता है कि सोने जैसे सुरक्षित एसेट में निवेश करके भी इन्होंने 1 और 3 साल में काफी आकर्षक रिटर्न दिए हैं। हमने इस लिस्ट में सिर्फ उन टॉप गोल्ड ईटीएफ को शामिल किया है, जिनका एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) कम से कम 1000 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा है.

| ईटीएफ का नाम | 1 साल का रिटर्न | 3साल का रिटर्न |
|---|---|---|
| - यूटीआई गोल्ड ईटीएफ | 35.25% | 22.87% |
| - एयूएम : 1,943 करोड़ रुपये | | |
| - एक्सिस गोल्ड ईटीएफ | 33.99% | 22.29% |
| - एयूएम : 1,809 करोड़ रुपये | | |
| - आईसीआईसीआईआई प्रूडेंटल गोल्ड ईटीएफ | 33.91% | 22.31% |
| - एयूएम : 7,694 करोड़ रुपये | | |
| - आदित्य बिरला सनलाइफ गोल्ड ईटीएफ | 33.83% | 22.23% |
| - एयूएम : 1,163 करोड़ रुपये | | |
| - कोटक गोल्ड ईटीएफ : | 33.74% | 22.23% |
| - एयूएम : 7,639 करोड़ रुपये | | |
| - एसबीआई गोल्ड ईटीएफ : | 33.66% | 22.10% |
| - एयूएम : 8,132 करोड़ रुपये | | |
| - निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड बीईईएस : | 33.52% | 22.08% |
| - एयूएम : 21,120 करोड़ रुपये | | |
| - एचडीएफसी गोल्ड ईटीएफ : | 33.38% | 22.21% |
| - एयूएम : 10,093 करोड़ रुपये | | |

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ा निवेश

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 की पहली तिमाही में ग्लोबल लेवल पर भी गोल्ड ईटीएफ में निवेश 170% की सालाना वृद्धि के साथ 552 टन तक पहुंच गया। पिछले तीन सालों में यह सबसे बड़ी तिमाही डिमांड रही। इसका श्रेय ट्रेड टेंशन, जियोपॉलिटिकल अस्थिरता और गोल्ड प्राइस में तेजी को दिया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि गोल्ड-बैक्ड ईटीएफ की होल्डिंग्स 226 टन बढ़कर 3445 टन तक पहुंच गई हैं।

## निवेश रणनीति में गोल्ड ईटीएफ की अहमियत

गोल्ड ईटीएफ को निवेश पोर्टफोलियो में एक बैलेंस बनाने वाले एसेट के रूप में देखा जाता है। यह न सिर्फ पोर्टफोलियो को ज्यादा सुरक्षित बनाता है, बल्कि बाजार की अस्थिरता के समय स्टेबल रिटर्न भी देता है। गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट की जरूरत होती है और इनकी हर यूनिट फिजिकल गोल्ड की एक तय क्वांटिटी (आमतौर पर 1 ग्राम) से जुड़ी होती है। गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की वापसी और पिछले रिटर्न के आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि बाजार में अस्थिरता के समय गोल्ड एक भरोसेमंद विकल्प बना हुआ है। चाहे वह घरेलू निवेशक हों या अंतरराष्ट्रीय संस्थान, सबके लिए गोल्ड एक महत्वपूर्ण एसेट क्लास बना हुआ है।

## गोल्ड ईटीएफ की विशेषताएं

- सोने की कीमतों के साथ जुड़ावः गोल्ड ईटीएफ की कीमतें सोने की कीमतों के साथ जुड़ी होती हैं।
- एक्सचेंज पर कारोबारः गोल्ड ईटीएफ शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते हैं और इनमें निवेश करने के लिए आप शेयर बाजार में कारोबार कर सकते हैं।
- निवेश की सुविधाः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना आसान है और आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

## गोल्ड ईटीएफ के फायदे

- सोने की कीमतों में भागीदारीः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से आपको सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुसार रिटर्न मिल सकता है।
- विविधीकरणः गोल्ड ईटीएफ पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकता है।
- लिक्विडिटीः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना लिक्विड है और आप आसानी से अपने निवेश को बेच सकते हैं।

## बच्चे की हायर एजुकेशन की नहीं होगी टेंशन

# रोजाना 70 रुपये बचा बनाएं लाखों का फंड

**समझदारी**

बिजनेस डेस्क

### पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन आप न्यूनतम 500 और अधिकतम 1.5 लाख सालाना करें निवेश

शादी के बाद अधिकतर कपल्स के मन में सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि आने वाले समय में बच्चों की पढ़ाई का खर्च कैसे उठाएं? मौजूदा दौर में एजुकेशन बहुत महंगी होती जा रही है। स्कूल फीस से लेकर यूनिफॉर्म, कॉपी-किताबें और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज तक, हर चीज में मोटा खर्च आता है। ऐसे में अगर आप अभी से सही प्लानिंग करें, तो भविष्य की टेंशन से बचा जा सकता है। पोस्ट ऑफिस की एक खास स्कीम आपकी इसी चिंता को दूर कर सकती है। इसमें निवेश कर आप बच्चों की एजुकेशन के लिए मजबूत फंड बना सकते हैं। अगर आप बच्चों की हायर एजुकेशन के लिए एक सुरक्षित और गारंटीड रिटर्न वाला निवेश विकल्प ढूंढ़ रहे हैं, तो पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है। इस स्कीम में सिर्फ 70 रुपये रोजाना यानी 2,100 महीने की बचत से आप 15 साल में एक अच्छा खासा फंड तैयार कर सकते हैं।

## क्या है पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम एक लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है, जिसमें आप न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये सालाना निवेश कर सकते हैं। इस पर सरकार की तरफ से सालाना 7.1% ब्याज दिया जाता है और मैच्योरिटी पीरियड 15 साल का होता है।



### 70 रुपये रोजाना बचत से कैसे मिलेगा 6.78 लाख

अगर आप हर दिन 70 रुपये बचाकर हर महीने पीपीएफ अकाउंट में 2,100 रुपये जमा करते हैं, तो एक साल में आपका कुल निवेश 25,200 रुपये होगा। इस तरह 15 साल में आप 3.75 लाख रुपये का निवेश करेंगे। ब्याज मिलाकर 15 साल बाद आपको 6,78,035 रुपये मिल सकते हैं।

**बच्चों की पढ़ाई का खर्च होगा आसान :** 15 साल बाद यही रकम आपके बच्चों की हायर एजुकेशन, कॉलेज फीस या अन्य जरूरतों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। यह स्कीम खासतौर पर उन पैरेंट्स के लिए फायदेमंद है जो कम बजट में भी एक सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश चाहते हैं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ खाता क्या है

पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम एक भरोसेमंद निवेश विकल्प है, जो लंबे समय के लिए रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करती है। इस योजना के तहत निवेशकों को 15 साल की अनिवार्य लॉक-इन अवधि के साथ खाता खोलना होता है। यानी, खाता खोलने के बाद 15 साल तक इसे बंद नहीं किया जा सकता। हालांकि, 7वें साल से कुछ शर्तों के साथ आंशिक निकासी की अनुमति मिलती है। इस स्कीम की सबसे बड़ी खासियत इसका आकर्षक ब्याज दर और टैक्स में छूट है। आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत इसमें निवेश करने पर टैक्स लाभ मिलता है। इसके अलावा, निवेशक को लोन सुविधा, खाता 5-5 साल की अवधि में आगे बढ़ाने की सुविधा भी मिलती है।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर क्या है?

पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर एक आसान ऑनलाइन टूल है, जो सेकेंडों में जटिल गणनाएं कर देता है। इस कैलकुलेटर की मदद से आप यह पता कर सकते हैं कि निश्चित समयावधि और निवेश की आवृत्ति के आधार पर आपको हर साल कितना रिटर्न मिलेगा और कुल परिपक्वता राशि कितनी होगी।

### कैलकुलेटर कैसे इस्तेमाल करें?

- हर साल आप कितनी राशि जमा करेंगे, उसे दर्ज करें।
- ब्याज दर और निवेश की अवधि डालें।
- कैलकुलेटर अपने-आप अनुमानित ब्याज और मैच्योरिटी अमाउंट दिखा देगा।
- इस तरह यह कैलकुलेटर यह तय करने में मदद करता है कि आपने जो निवेश चुना है, वह आपके वित्तीय लक्ष्य के अनुरूप है या नहीं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर के फायदे

- सेकेंडों में रिजल्ट
- निवेश और ब्याज का सालाना विश्लेषण
- टैक्स प्लानिंग में मदद
- वित्तीय योजना बनाने में सहायक



करोड़पति बनने का भी शॉर्टकट

# मात्र 10,000 का निवेश कर देगा मालामाल

बिजनेस डेस्क

करोड़पति बनने में कितना समय लगता है? यह ऐसा सवाल है जिसे अक्सर काफी लोग पूछते हैं। देखा जाए तो करोड़पति बनना बहुत आसान है, लेकिन इसके लिए कई तरह के त्याग करने की जरूरत पड़ती है। वैसे तो किसी भी चीज का कोई शॉर्टकट नहीं होता, लेकिन अगर आप करोड़पति बनने का सोच लें, तो इसका शॉर्टकट जरूर निकल आता है। हालांकि यह शॉर्टकट इतना भी शॉर्ट नहीं है। आप मात्र 10 हजार रुपये हर महीने इन्वेस्ट करके बहुत जल्दी करोड़पति बन सकते हैं। दरअसल, एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान एक ऐसा तरीका है जिससे आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा लगाकर लंबे समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं। अगर आपको हर साल लगभग 15% का रिटर्न मिले, तो आप मात्र 19 साल में 1 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की रकम इकट्ठी कर सकते हैं।



## कैसे बन सकते हैं करोड़पति?

एसआईपी म्यूचुअल फंड में निवेश करने का तरीका है। इसके जरिए आप थोड़ी-थोड़ी रकम हर महीने निवेश करके बड़ा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। इसमें मिलने वाला चक्रवृद्धि ब्याज इस निवेश की सबसे बड़ी ताकत होता है। अगर आप एसआईपी के जरिए 10 हजार रुपये हर महीने म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं और आपको 15 फीसदी सालाना ब्याज मिलता है तो मात्र 19 साल में ही आप एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। 10 हजार रुपये हर महीने निवेश करने से आप 19 साल में 22,80,000 रकम निवेश करेंगे। इस पर आपको 91,47,124 रुपये का ब्याज मिलेगा। यह ब्याज 15 फीसदी सालाना की दर से होगा। इस प्रकार आप 19 साल में 1.14 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। यानी आप 19 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



## अगर 10 हजार रुपये से कम करें तो?

अगर आप 10 हजार रुपये महीने निवेश नहीं कर सकते तो भी आपको करोड़पति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आप कम रकम निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कुछ ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा। अगर आप 10 की जगह 8 हजार रुपये या 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। अगर आप 8 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आपको करोड़पति बनने में 20 साल लगेंगे। वहीं अगर आप 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आप 23 साल में करोड़पति बन जाएंगे।







## एसआईपी क्यों है फायदे का सौदा?

एसआईपी वित्तीय अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। इससे लोगों को रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर खरीदने जैसे लक्ष्यों के लिए थोड़ा-थोड़ा पैसा अलग रखने में आसानी होती है। इसका एक और बड़ा फायदा है कंपाउंडिंग। कंपाउंडिंग का मतलब है कि आपको अपने निवेश पर जो रिटर्न मिलता है, उस पर भी रिटर्न मिलता है। इससे समय के साथ आपकी संपत्ति तेजी से बढ़ती है। निवेश की अवधि जितनी लंबी होगी, कंपाउंडिंग का असर उतना ही ज्यादा होगा।

## करोड़पति बनने के लिए रणनीतियां

- नियमित निवेशः नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- विविधीकरणः अपने निवेश को विभिन्न प्रकार की सिक्योरिटीज में विभाजित करने से आपको जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।
- लंबी अवधि का दृष्टिकोणः लंबी अवधि के लिए निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय अनुशासनः वित्तीय अनुशासन बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- शिक्षा और ज्ञानः वित्तीय शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने से आपको अपने वित्तीय निर्णयों को निर्देशित करने में मदद मिल सकती है।




## करोड़पति बनने के लिए कुछ आदतें

- बचतः नियमित बचत करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- निवेशः नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय योजनाः वित्तीय योजना बनाने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- जोखिम प्रबंधनः जोखिम प्रबंधन करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- धैर्यः धैर्य बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- करोड़पति बनने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन सही रणनीतियों और आदतों को अपनाकर आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### गोली मारकर किसान की हत्या, 20 पर केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव भावदीन में लेन-देन को लेकर हुए झगड़े में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन-चार लोग घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। डिंग पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर कई नामजद सहित करीब 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार गांव शहीदांवाली निवासी बिश बर ने गांव भावदीन में ठेके पर जमीन ली हुई है, जिस पर खेती करता था। बताया जाता है कि पुरानी लेन-देन को लेकर दो पक्षों के बीच पुराना विवाद चल रहा था।

### 5.57 ग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान वार्ड नंबर आठ से एक युवक को 5.57 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान वार्ड नंबर आठ में नेहरु स्कूल के समीप से एक युवक को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 5.57 ग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### युवक 26 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** सदर थाना डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव खुईयां मलकाना क्षेत्र से एक युवक को 26 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। सदर थाना डबवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इस दौरान सरकारी स्कूल गांव खुईयांमलकाना फिरनी पर एक युवक नजर आया जो पुलिस टीम को देखकर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर उक्त युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 26 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

### कृष्णा फौगाट बनी महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष

**सिरसा।** कांग्रेस नेत्री कृष्णा फौगाट को पार्टी हाईकमान ने सिरसा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर कृष्णा फौगाट ने शीर्ष नेतृत्व समेत पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा सांसद कुमारी सैलजा के साथ-साथ पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा व महिला संगठन की प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज समेत पार्टी की तमाम वरिष्ठ लीडरशिप का आभार व्यक्त किया है।

### सो रही महिला के कानों से चुरा लिए झुमके

**सिरसा।** जिला के गांव फूलकां स्थित एक ढाणी में सो रही महिला के कानों से चोर सोने के झुमके चोरी कर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में कृष्ण कुमार ने बताया कि बीती 13 जून की रात्रि को परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। सुबह करीब 4 बजे मुंह ढांपे हुए एक व्यक्ति आया और उसकी पत्नी ज्ञानी देवी के कानों से सोने के झुमके चोरी कर ले गया। सुबह जब उसकी पत्नी उठी तो उसे घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की।

## कैडेट सविता को मिला ओवरऑल बेस्ट कमांडर का खिताब

# दृढ़संकल्प और सच्ची लगन सफलता का मूलमंत्र : गर्ग

द रॉयल सैनिक विद्यापीठ रावलवास में एनसीसी का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

द रॉयल सैनिक विद्यापीठ रावलवास में श्री हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार और ग्रुप हेडक्वार्टर रोहतक द्वारा कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया के के दिशा-निर्देशन में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एटीएस-145 के समापन समारोह में हिसार मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने शिरकत की।

मंडल आयुक्त ने कैडेट्स को भाषण देने की बजाय संवाद शैली को प्रमुखता देते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और कैडेट्स की जिज्ञासा को शांत किया। एक कैडेट्स के द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मंडल आयुक्त ने बताया कि एक आईएएस होने के नाते उन पर बहुत सारी सरकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाना होता है जो समाज कल्याण से जुड़ी हों। आज उसी कॉलेज में एक हजार से भी ज्यादा विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। एक कैडेट ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर प्रश्न किया तो उन्होंने कहा कि जो भी विद्यार्थी दृढ़ संकल्प और सच्ची लगन से मेहनत करता है तो उसे सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। यही सफलता का मूलमंत्र है।



**हिसार।** समापन समारोह में उपस्थित हिसार मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग व अन्य अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### लड़कियों में डेल्टा व लड़कों में ब्रेवो कंपनी प्रथम

इस मौके पर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर पवन जांगड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंप के समापन समारोह से पूर्व कैडेट्स के बीच मार्च पास्ट, टर्नआउट और ओवरऑल परेड कमांडर प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया। इसमें एल्फा, ब्रेवो और डेल्टा कंपनी ने प्रतिभाग किया। मार्च पास्ट प्रतियोगिता में लड़कियों की डेल्टा कंपनी ने प्रथम स्थान पर अपना कब्जा जमाया तो वहीं लड़कों की ब्रेवो कंपनी दूसरे स्थान पर रही। टर्नआउट और ओवरऑल बेस्ट कमांडर में सविता ने अपना नाम प्रथम पर दर्ज करवाने में सफलता हासिल की।

### मिहिर व साहिर ने जीता दिल

समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबको अपनी तरफ आकर्षित किया। बाल कलाकार मिहिर और साहिर ने गेस्ट परफॉर्मेंस के माध्यम से सबक दिल जीत लिया। मंच संचालन में पूजा और तानिया ने बाजी मारी तो सोलो सोंग में योगिता प्रथम रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए मंडल आयुक्त अशोक कुमार गर्ग और कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कटारिया ने विजेता कैडेट्स को मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

### अनुशासित जीवन जीएं

कैंप कमांडेंट सुनील कटारिया ने क्लोजिंग सेरेमनी के अवसर संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन में समय सारिणी बनाकर कार्य करना और अपने लिए अनुशासित जीवन नींव स्थापित करके चलने से आपका जीवन सुखमय बन सकता है। इस अवसर पर कैंप प्रशासनिक अधिकारी कर्नल विनय खेतरपाल, स्कूल निदेशक पवन गोदारा, प्रधानाचार्य पवन कुमार, सूबेदार मेजर मनवीर सिंह, सिविल स्टाफ के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# निगमायुक्त ने 6.15 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को दी प्रशासनिक मंजूरी

- किसी भी वार्ड के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी : मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नगर निगम आयुक्त नीरज ने 6 करोड़ 15 लाख 79 हजार रुपये के 15 विकास कार्यों को प्रशासनिक मंजूरी दी है। इनमें वार्ड एक के तीन, दो के तीन, 15 के दो, 16 के दो, 18 का एक, 19 के दो और वार्ड 20 के दो कार्य शामिल हैं।

इन कार्यों में वार्डों में सीसी सड़क निर्माण, गलियों में आईपीबी रोड तथा पार्कों के रेनोवेशन करने आदि शामिल है। निगम की तरफ से अब इन कार्यों के टेंडर लगाकर इन्हें जल्द शुरू करवाया जाएगा। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि शहर में निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। किसी भी वार्ड के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शहरवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर के विकास कार्यों को और गति दी जा रही है। इसी के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में गलियों व पार्कों के कार्य करवाए जा रहे हैं। शहर के सभी वार्डों में समानांतर विकास कार्य करवाए जाएंगे।

### इन कार्यों को मिली मंजूरी

⏭वार्ड 1 में बचपन प्ले स्कूल से बूस्टिंग स्टेशन सत्य नगर और नजदीक पवन हाउस और साथ लगती विभिन्न गलियों में सीसी सड़क का निर्माण।

⏭वार्ड 2 के बागड़ी मोहल्ला नजदीक नागोरी गेट में क्षतिग्रस्त सीसी सड़क पर मास्टिक की कारपेटिंग, पड़ाव चौक के पास राजगढ़िया मोहल्ले में राधा कृष्ण गारमेंट्स से अशोक राय डिपार्टमेंटल स्टोर तक और गली अजय गुप्ता व राजेश डालडा गली व पटवार भवन के पीछे चौक तक सीसी रोड का निर्माण।

⏭वार्ड 15 में चांदनी चौक, नट बस्ती और इंदिरा कॉलोनी में आईपीबी सड़क का निर्माण और जयदेव ढाणी की गलियों में सीसी रोड का निर्माण।

⏭वार्ड 16 में मेन कैमरी रोड से कम्युनिटी सेंटर, चार धाम पार्क पाकेट व पटेल नगर की विभिन्न गलियों में सीसी रोड का निर्माण।

⏭वार्ड 18 में माल कॉलोनी, लक्ष्मी विहार व नंद विहार की गलियों में आईपीबी रोड का निर्माण।

⏭वार्ड 19 में आदर्श कॉलोनी गली नंबर एक व अन्य गलियों और आजाद नगर की गलियों में आईपीबी रोड का निर्माण।

⏭वार्ड 20 में विभिन्न गलियों में सीसी रोड का निर्माण और विभिन्न पार्कों के रेनोवेशन का कार्य।

# प्रदीप खारिया को सौंपी भारतीय कुश्ती टीम के कोच की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



समीपवर्ती गांव खारिया निवासी व अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती कोच प्रदीप खारिया को वियतनाम में होने वाली अंडर-23 एशिया कुश्ती चैम्पियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम के कोच की कमान सौंपी गई है।

यह नियुक्ति रैसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा की गई है। अंडर-23 एशिया कुश्ती चैम्पियनशिप का आयोजन 17 से 23 जून तक वियतनाम में होगा। भारतीय टीम 16 जून को वियतनाम के लिए रवाना होगी। प्रदीप खारिया इस समय हरियाणा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी (एचएयू) स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के एसटीसी गिरी सैंटर में कार्यरत हैं। इससे पहले प्रदीप खारिया अंडर-20 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप, अंडर-17, अंडर-20, अंडर-23 वर्ग की भारतीय टीम के कोच भी रहें हैं। वे वर्ष 2018, 2019, 2021, 2022, 2023, 2024 में विश्व और एशियन चैम्पियनशिप के दौरान भी भारतीय कुश्ती टीम के कोच रह चुके हैं। एसटीसी गिरी सैंटर हिसार के सहायक निदेशक विजय मनचंदा व पूरे स्टाफ ने उनको बधाई दी है।

# स्वस्थ रहने के लिए योग जरूरी : सावंत

- योग दिवस के उपलक्ष्य में 'विशेष योग आसन प्रदर्शन' आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में योग विज्ञान विभाग के सौजन्य से 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत 'विशेष योग आसन प्रदर्शन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सावंत हस्पताल की डॉ. सत्या सावंत इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रही। डॉ. सत्या सावंत ने मानव कल्याण व ध्यान के लिए विशेष योग आसन प्रदर्शन करवाया, जिसका कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों, गैरशिक्षक कर्मचारियों, विद्यार्थियों व उनके परिवार के सदस्यों ने भरपूर लाभ उठाया। डॉ. सत्या सांवत ने कहा कि वर्तमान समय में गलत जीवनशैली के कारण बढ़ती बीमारियों से बचने के लिए योग अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने प्रतिभागियों को योग को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में योगा विभाग की अध्यक्षा प्रो. शबनम जोशी ने विशेष अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। योग कक्षा सत्र में फिजियोथेरेपी विभाग की अध्यक्षा प्रो. जसप्रीत कौर, प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. अर्चना कपूर, डा. प्रज्ञा कौशिक, अंजू बिश्नोई व कोमल बिश्नोई, सोनू गोयल, विजय डाबला, मोहन सिंह तथा विद्यार्थियों व अन्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



**हिसार।** विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शबनम जोशी के साथ डा. सत्या सावंत।

# बच्चों में टाइप-1 डायबिटीज पर किया जागरूक

- सर्वेश हेल्थ सिटी में जागरुकता सेमिनार का आयोजन
- कार्यक्रम में पीड़ित बच्चों के माता पिता ने भी भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सर्वेश हेल्थ सिटी में बच्चों में बढ़ते टाइप-1 डायबिटीज के मामलों को लेकर एक विशेष जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इस पहल की अगुवाई सर्वेश हेल्थ सिटी की प्रसिद्ध एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. अलका बिश्नोई ने की।

इसमें टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों व उनके अभिभावकों को यह समझाना था कि यह बीमारी जीवन के अवसरों में बाधा नहीं है, सही जानकारी और प्रबंधन के साथ बच्चा एक सामान्य और सफल जीवन जी सकता है। डॉ. अलका बिश्नोई ने बताया कि टाइप-1 डायबिटीज एक ऑटोइम्यून रोग है, जिसमें शरीर खुद ही इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं को नष्ट कर देता है। समय पर निदान, इंसुलिन थेरेपी और जागरूक अभिभावक ही इस बीमारी को नियंत्रित करने की कुंजी हैं।



**हिसार।** सेमिनार में उपस्थित सर्वेश हेल्थ सिटी के चेयरमैन डॉ. उमेश कालरा, डॉ. सरिता कालरा, डॉ. अलका बिश्नोई व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### क्रिकेटर सहित कई लोगों के उदाहरण दिए

इस अवसर पर सर्वेश हेल्थ सिटी के चेयरमैन डॉ. उमेश कालरा और डॉ सरिता कालरा इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. उमेश कालरा ने अपने वक्तव्य में क्रिकेटर वसीम अकरम सहित ऐसे कई लोगों के उदाहरण साझा किए जिन्होंने टाइप-1 डायबिटीज के बावजूद जीवन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।



## तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश के अभिषेक में उमड़े श्रद्धालु

**हिसार।** श्री तिरुपति बालाजी धाम में भगवान श्री वेंकटेश जी का अभिषेक पूरे विधि-विधान से किया गया। अर्चकों ने नियमानुसार पूजा व अर्चना करके जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान वेंकटेश के दर्शन किए। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी व श्री गोदांबा माता जी की स्तुति करके मन्नत मांगी। इस दौरान पूरा तिरुपति धाम जय गोविंदा, जय तिरुपति बालाजी, जय माता पद्मावती व जय माता गोदांबा के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर भगवान की सवारी शोभा यात्रा भी निकाली गई। इस शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर अपने इष्ट के प्रति आस्था जताई।

# प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास

- गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में योग सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारी के लिए एक प्रेरणादायक योग सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार एवं योग समन्वयक शिक्षक राजेश गौतम के मार्गदर्शन में हरियाणा आयुष विभाग से आई योग सहायक कविता शर्मा, प्रशांत कुमार एवं अनीता सैनी के सहयोग से संपन्न हुआ। सत्र का उद्देश्य 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं स्टाफ को जोड़ना और उन्हें योग के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर लगभग 60 छात्र-छात्राओं और 15 स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए योग को जीवन का अभिन्न अंग बताया।



**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में योग करते प्रतिभागी।

# नार्दर्न स्कूल की छात्रा पूजा ने नीट परीक्षा में पाए 538 अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

- विद्यालय निदेशक व प्राचार्या ने छात्रा को दी बधाई

नार्दर्न इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा पूजा ने नीट 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 538 अंक प्राप्त किए है। छात्रा के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय निदेशक विकास कुमार और प्राचार्या उर्मिला सिंवर ने पूजा व उसके स्वजनों को बधाई देते हुए परिवार के गौरवशाली क्षण बताया।

निदेशक विकास कुमार ने बताया कि पूजा ने 12वीं तक की पढ़ाई नार्दर्न इंटरनेशनल स्कूल की थी। वह सदैव ही अपनी पढ़ाई की प्रति समर्पित थी और प्रतिभाशाली छात्रा रही। अब नीट 2025 परीक्षा में 538 अंक पूजा के असाधारण समर्पण और शैक्षणिक प्रतिभा को दर्शाते हैं। विकास कुमार व उर्मिला ने पूजा व उसके पिता छबीलदास को बधाई देते हुए कहा कि लगातार मेहनत और ईमानदारी के साथ पढ़ाई से पूजा ने उत्कृष्टता प्राप्त की है। यह वास्तव में उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संघर्ष का परिणाम है कि उसने अनेक बाधाओं को पार करते हुए डाक्टर बनने के अपने सपने की दिशा में यह कदम उठाया है।



छात्रा पूजा।

# हर घर सकोरा अभियान चलाया

- गर्मियों के मौसम में पक्षियों के लिए जल एवं दाना उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सेक्टर 21 पी एमजीए में हर घर सकोरा अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान का उद्देश्य गर्मियों के मौसम में पक्षियों के लिए जल एवं दाना उपलब्ध कराना था।

इससे उनकी जीवन रक्षा सुनिश्चित की जा सके। अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों-पार्कों, स्कूल परिसरों, घरों की छतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी के सकोरे (पानी के पात्र) वितरित एवं स्थापित किए गए। इस अभियान की रूपरेखा युवा साहिल कौशिक एवं एमजे बैडमिंटन क्लब ने की और अभियान का रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन ने खुले दिल से समर्थन किया। इससे एक छोटे से प्रयास ने अभियान का रूप लिया और सेक्टर में 100 से ज्यादा सकोरे रखे गए। इस अवसर पर आरडब्ल्यू के प्रधान अभिषेक शर्मा, बलराज शर्मा, अजय खट्टर, बलवान, छोटू राम, उदयवीर, दर्शन कौशिक, जय कुमार, विवेक, रवि, मोहित आदि मौजूद थे।



**हिसार।** सकोरे वितरित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## राज्यस्तरीय बाल पुरस्कार समारोह में मिला प्रथम स्थान

# यदुवंशी की छात्राओं ने रचा नया कीर्तिमान

- कार्यक्रम में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रहे मुख्य अतिथि
- छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा करनाल में राज्य स्तरीय बाल पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि तथा लाडवा की विधायक सुमन सैनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर यदुवंशी शिक्षा निकेतन, हांसी की कक्षा 9वीं व 10वीं की छात्राओं (ग्रुप थर्ड) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल भवन हिसार में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 'मैं पनिहारी जग से न्यारी, झूम के गाऊंगी' गीत पर प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके उपरांत बाल भवन जींद में आयोजित जोनल स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त किया और अंततः रेवाड़ी बाल भवन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान पाकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस गौरवशाली सफलता पर यदुवंशी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि हमारी बेटियों ने अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि अर्जित की है। यह जीत न केवल संस्थान के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।



**हांसी।** राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते बाल कल्याण परिषद के अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### बेटियां किसी भी ऊंचाई को छूने में सक्षम

प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन, मंच और मेहनत से बेटियां किसी भी ऊंचाई को छू सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग केंद्र में फ्री नेत्र जांच शिविर आज

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 15 जून को को सेवार्थ भाव से शिविर आयोजित किया जाएगा। समाजसेवी मदनलाल बंसल व उनकी पत्नी वीना बंसल के सहयोग से आयोजित होने वाले इस शिविर में फ्री नेत्र जांच की जाएगी और जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि शिविर का समय प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक रहेगा।

### सदस्यता अभियान को लेकर जजपा की बैठक आज

**हिसार।** जननायक जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर हिसार के कार्यकर्ताओं की एक बैठक 15 जून को प्रातः 10 बजे जाट धर्मशाला में बुलाई गई है। जिला प्रवक्ता रवि आहुजा ने बताया कि बैठक में पूर्व विधायक श्रीमती नैना चौटाला एवं अमरजीत ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया है। बैठक में जिला अध्यक्ष अमित बूरा व जिला प्रभारी अनिल बालकिया भी उपस्थित रहेंगे।

### जांगिड़ शिक्षा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

**हिसार।** विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर जिला जांगिड़ सुधार एवं कल्याण समिति ने दा इस्पायर इंडिया एनजीओ के सहयोग से विश्वकर्मा धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया। इसमें शहर के अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और180 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर जांगिड़ सुधार शिक्षा समिति के प्रधान प्रताप सिंह जांगड़ा, जिला जांगिड़ सभा के प्रधान उदय सिंह जांगड़ा, महासचिव अमी लाल जांगड़ा, पूर्व प्रधान रामतीर्थ सुथार, महेन्द्र सिंह जांगड़ा, शिक्षा समिति सचिव ब्रहमप्रकाश जांगड़ा, डॉ. सुखबीर सिंह जांगड़ा, डॉ. कुलवंत सिंह जांगड़ा, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रभुदयाल मौजूद थे।

### भाविप का सात दिवसीय योग शिविर आज से

**आदमपुर।** हुडा पार्क में भारत विकास परिषद शाखा मंडी आदमपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने बताया समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं जनमानस को योग से जोडऩे के उद्देश्य से सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन हुडा पार्क में किया जा रहा है। योग शिविर 15 जून से 21 जून तक सुबह साढ़े पांच बजे से सात बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस योग शिविर में प्रशिक्षित योगाचार्य अशोक कुमार आर्य द्वारा प्राणायाम, आसन, ध्यान व स्वास्थ्यवर्धक व्यायाम करवाए जाएंगे।

### गांव सदलपुर से विवाहिता लापता

**आदमपुर।** गांव सदलपुर से एक विवाहिता अचानक लापता हो गई। पुलिस ने लापता महिला के पिता की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सदलपुर निवासी सुभाष ने बताया कि उसकी बेटी जोकि विवाहित है उसके पास मिलने के लिए आई हुई थी। उसके एक 18 माह का बेटा है। नौ जून की रात्रि को वह घर पर बिना कुछ बताए अपने बेटे को लेकर कहीं चली गई और वापिस नहीं लौटी। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला।

### गांव ढाणी सीसवाल से युवती लापता, केस दर्ज

**आदमपुर।** गांव ढाणी सीसवाल से एक युवती लापता हो गई। पुलिस ने लापता युवती के पिता की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाणी सीसवाल निवासी व्यक्ति ने बताया कि 12 जून को रात्रि करीब 11 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए। अगले दिन सुबह करीब पांच बजे वह उठा तो उसकी करीब साढ़े 18 वर्षीय बेटी घर पर नहीं थी।

## पंचायत उपचुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक करवाने को लेकर तमाम प्रबंध पूर्ण

# कंवारी, उगालन व थुराना के मतदाता आज चुनेंगे अपने गांव का सरपंच

### सुबह 8 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान: उपचुनाव को लेकर जिला निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

कंवारी गांव के मतदाता रविवार अपने गांव के सरपंच को चुनेंगे। चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक पुख्ता प्रबन्ध किए गए हैं। जिन गांवों में सरपंच व पंच पद के लिए उपचुनाव हो रहा है, वहां हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हो। मतदान सुबह 8 से शाम 6 बजे तक होगा। एसडीएम राजेश खोथ ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर से पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। चुनाव कर्मियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के सफल संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाया गया।

एसडीएम ने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए तमाम आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल, रैंप, छाया इत्यादि व्यवस्थाएं की गई है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वह निर्भीक होकर मतदान करें।

सुरक्षा के लिहाज से मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है और सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। इनके अलावा ड्यूटी मैजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं।



**हांसी।** मतदान केंद्रों के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टियां। *फोटो : हरिभूमि*

### कंवारी में कुल 4116 मतदाता

कंवारी गांव में सरपंच पद के लिए चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। गांव में कुल 4116 मतदाता है। यहां चार मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। एसडीएम खोथ ने बताया कि पंचायत समिति के वार्ड नंबर 28 में सदस्य पद के लिए, सुल्तानपुर गांव में तीन वार्डों के पंच पद के लिए तथा ढाणा कलां तथा सिसाय कालीरमन गांव में एक- एक पंच पद के लिए चुनाव होने थे। उन्होंने बताया कि इन सभी पदों के लिए सर्वसम्मति से चुनाव हो गया है। नारनौंद के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सत्यवान बूरा ने बताया कि खंड के खेड़ी रोज गांव में वार्ड नंबर 1 के पंच पद के लिए चुनाव होना है। इसके लिए भी तमाम प्रबंध पूर्ण किए जा चुके हैं।

### चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने किए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध



अमित यशवर्धन,

**हांसी।** पंचायत उप चुनाव 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए पुलिस जिला हांसी द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि पोलिंग बूथ से 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के टेंट लगाने व वाहन पार्किंग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। और मतदान के दौरान किसी भी प्रकार का हथियार साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान सभी गांवों सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। और चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को चुनाव ड्यूटी के संबंध में विस्तारपूर्वक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। और पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखेंगे। उन्होंने बताया पोलिंग पार्टियां चुनाव सामग्री प्राप्त कर बसों के माध्यम से अपने गंतव्य के लिए रवाना होंगी। ड्यूटी के दौरान केवल सरकारी वाहनों का ही प्रयोग किया जाएगा। निजी वाहन उपयोग करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि गांव में होने वाले उप चुनाव के लिए कुल 17 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं, जिन पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। और डीएसपी रविन्द्र सांगवान और डीएसपी राज सिंह को चुनाव पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 5 पेट्रोलिंग टीमें, वॉकी-टॉकी सेट से लैस, तैनात की गई हैं। और सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के जोनल

### उगालन-थुराना में कौन बनेगा सरपंच, फैसला आज

**नारनौंद।** गांव उगालन और थुराना में सरपंच पद का चुनाव रविवार को होगा। मतदान के दौरान भारी पुलिस बल तैनाती की गई है ताकि किसी प्रकार का कोई झगड़ा न हो सके। उगालन में सरपंच पद के लिए चार और थुराना में सात उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। मतदान सुबह सात बजे से शाम को छह बजे तक होगा। रविवार को चुनाव के बाद शाम को ही मतगणना हो जाएगी। डीएसपी राज सिंह लालका सहित भारी पुलिस बल को सुरक्षा के लिए दोनों गांव में तैनात किया गया है। गांव उगालन में पहले हुए पंचायती चुनाव में गांव के सरपंच पद का चुनाव पोस्टपोन हो गया था क्योंकि उसे समय गांव के ही एक प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया गया था और उसने कोर्ट की शरण ली थी। उसके बाद कोर्ट के आदेशों पर चुनाव पोस्टपोन कर दिया गया था। उसके बाद अब गांव में सरपंच पद का चुनाव रविवार को होगा। 19 वार्डों में कुल वोट 5140 हैं। अनुसूचित जाति की महिला पद के लिए यह गांव आरक्षित किया गया है। चुनाव में चार महिला उम्मीदवार आरती देवी, बबीता, रितु, और कार्मिला अपना भाग्य आजमा रही है। किसकी किस्मत चमकेगी यह शाम को ही मतगणना के बाद पता चल जाएगा। उधर गांव थुराना में कुल वोट 5110 हैं। सरपंच पद के चुनाव के लिए सात उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। सामान्य पुरुष वर्ग के लिए ये गांव आरक्षित किया गया है। सरपंच पद के लिए जगदीश चंद्र, दीपचंद, प्रवीण कुमार, मनदीप, मोहन, रामदिया और सूरजमल ने नामांकन भरा हुआ है। किसके नाम पर मोहर लगेगी इसका फैसला भी रविवार की शाम को होगा। उधर गांव खेड़ी रोज में वार्ड एक के पंच का चुनाव होगा। उधर, पंच पद के लिए गांव बास बादशाहपुर के वार्ड सात, उगालन के वार्ड 16, हैबतपुर का दो, कापड़ों का वार्ड दो और गांव राजथल के वार्ड नो में सर्व सम्मति से पंच का चुनाव हो चुका है। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हो जाएगा। जोकि शाम को छह बजे तक जारी रहेगा। शाम को छह बजे के बाद जो मतदाता लाइन के अदर खड़े होंगे उनका ही वोट डलवाया जाएगा। गांव उगालन में सरपंच पद की उम्मीदवारों ने प्रशासन से मांग की है कि फर्जी वोट डालने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कुछ लोग फर्जी वोट डालकर चुनाव में गड़बड़ी कर सकते हैं। शांतिपूर्वक मतदान के लिए पुलिस बल का होना अति आवश्यक है।

### युवाओं को नशे की लत से दूर रहने का संदेश

**हिसार।** समाज के विभिन्न मुद्दों को लेकर हरियाणा ओड सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के महासचिव राजेश ने की। इस अवसर पर उप प्रधान राजेश मुंडई विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला प्रधान रामप्रकाश, प्रदेश सचिव राजकुमार गंगवानी, जिला सचिव विश्वनाथ खांभरा, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार पहलवान उपस्थित रहे। बैठक में समाज के उत्थान के लिए कार्य करने पर चर्चा की गई। समाज में व्याप्त विभिन्न बुराईयों को दूर कर समाज को विशेषकर युवाओं को शिक्षा की ओर प्रेरित किया जाएगा। युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाए जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही इस बारे में व्यापक अभियान चलाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### वनवासी कल्याण आश्रम का कार्यक्रम आज

**हिसार।** वनवासी कल्याण आश्रम के 15 जून को आयोजित होने वाले वनवासी छात्रों के स्वागत व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। वनवासी कल्याण आश्रम के प्रदेशाध्यक्ष रामबाबू सिंगल व जिला अध्यक्ष संजीव अरोड़ा ने बताया कि 15 जून को प्रातः हिसार पहुंचने पर पूर्वोत्तर राज्यों व जम्मू-कश्मीर के वनवासी छात्रों का स्वागत-सत्कार किया जाएगा। ये वनवासी छात्र सायंकाल गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। वनवासी कल्याण आश्रम के भिवानी छात्रावास में निशुल्क शिक्षा व संस्कार ग्रहण करने वाले ये छात्र जहां नृत्य प्रस्तुत करके जनजातीय संस्कृति से परिचय करवाएंगे।

## कर्म कल्याणी वेलफेयर लघु उद्योगों को बढ़ावा देगी

- इनमें लघु उद्योगों को संगठित रुप में बढ़ावा देना प्राथमिकता में रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कर्म कल्याणी वेलफेयर सोसायटी की प्रधान मौसमी कर ने बताया कि संस्था निकट भविष्य में समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए कई प्रभावशाली कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। इनमें लघु उद्योगों को संगठित रुप में बढ़ावा देना प्राथमिकता में रहेगा, जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके। मौसमी कर ने बताया कि हाल ही में आयोजित समर कैंप 2025 को मिली अपार सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि महिलाओं और बच्चों को उचित मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। संस्था पहले से ही पापड़, अचार, सिलाई-कढ़ाई, मेहंदी कला, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा घरेलू उत्पाद निर्माण जैसे कई क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। अब इन गतिविधियों को एक संगठित लघु उद्योग के रुप में विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, जिससे स्थायी रोजगार के अवसर सृजित हो सकें।

संस्था द्वारा आयोजित किए गए शिविर में विक्की सोनी, सरपंच (मिरका) एवं समाज सेविका एकता भयान कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों के रुप में उपस्थित रहे। संस्था ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



**हिसार।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती कर्म कल्याणी वेलफेयर सोसायटी की सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर दिया जोर

- कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत उकलाना हलका में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा देशभर में चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी संगठन सृजन अभियान के तहत, शनिवार को उकलाना मंडी के अग्रवाल सेवा सदन में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उकलाना में कांग्रेस संगठन के निर्माण और विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर जगदीश जांगिड़, जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधायक अमित सिहाग तथा जयपाल सिंह लाली व पंकज चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ऑब्जर्वर जगदीश जांगिड़ ने पार्टी की मजबूती के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत वे व्यक्तिगत रूप से स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। पार्टी का लक्ष्य है कि जिलाध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से हो और इस प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।



**उकलाना।** संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित बैठक को संबोधित करते कांग्रेस नेता। *फोटो :हरिभूमि*



**आदमपुर।** रक्तदाताओं से मिलते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान उत्सव का आयोजन

**आदमपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का हरियाणा पेलेस मे आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं एनएसएस अधिकारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह उत्सव गत 15 वर्षों से पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ मनाया जाता रहा है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी 14 जून को हरियाणा ग्रीन्स, आदमपुर में यह आयोजन किया गया, जिसमें 250 महिलाओं व युवतियों तथा युवाओं ने रक्तदान किया। रक्त संग्रहण के लिए नागरिक अस्पताल हिसार और महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा की विशेषज्ञ टीमें शिविर मे रक्त संचय किया। इस मौके पर राजीव शर्मा, मास्टर दिनेश गर्ग, कुलदीप किशनगढ़, जीत बद्रेचा, बलवंत खेरमपुर, विनोद वर्मा आदि रहे।

## सेल्फ हिप्रोसिस से इंसान तनाव व चिंता से होता है दूर : स्वामी संजय

- आत्म-सम्मोहन कला पर आधारित दो दिवसीय ध्यान शिविर में उमड़े साधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ओशो ध्यान उपवन में आत्म-सम्मोहन कला पर आधारित दो दिवसीय ध्यान शिविर की शुरुआत हुई। इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। शिविर के दूसरे दिन 15 जून को साधकों की संख्या में और भी बढ़ोतरी हो जाएगी। इस शिविर में स्वामी संजय, मां सांची व मां प्रियांशी ने आत्म-सम्मोहन के विविध आयामों से परिचय करवाया और ध्यान साधना की विभिन्न विधियों को समझाया। इसके साथ ही ध्यान का अभ्यास भी करवाया गया। स्वामी संजय ने बताया कि आत्म-सम्मोहन ऐसी प्रक्रिया है जिससे इंसान अपने गहरे अवचेतन से जुड़ता है और अपने अवचेतन से संवाद करने में सक्षम हो जाता है। उन्होंने कहा कि सेल्फ हिप्रोसिस से इंसान तनाव व चिंता से दूर होता है और उसमें आत्मविश्वास का इजाफा भी होता है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों को अवसाद के कारण नींद नहीं आती और बेचैनी हो जाती है।



**हिसार।** आत्म-सम्मोहन कला पर आधारित दो दिवसीय ध्यान शिविर में हिस्सा लेते साधक। *फोटो : हरिभूमि*

### बार एसोसिएशन ने किया पौधरोपण

**हिसार।** अहमदाबाद विमान त्रासदी की पीड़ा और संवेदना की अभिव्यक्ति स्वरूप जिला बार परिसर में श्रद्धांजलि स्वरूप पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन अधिवक्ता समुदाय की व्यक्तिगत-सामूहिक पहल के रूप में संपन्न हुआ जिसका समन्वयन पूर्व प्रधान जिला बार एसोसिएशन एडवोकेट विनय बिश्नोई द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत आत्माओं की स्मृति में दो मिनट के मौन से हुई। इस अवसर पर एडवोकेट अशोक विश्नोई, अनूप जाखड़, मनप्रीत सिरसवा, विकास देहरू, बिन्नू रानी जांगड़ा और ओशिन सैनी सहित अनेक अधिवक्ताओं ने सहभागिता की।



**हिसार।** पौधरोपण करते हुए वकील।

### वित्तीय विवरण का प्रारूप और फास्ट ट्रैक विलय पर आयोजित किया

## सेमिनार में वित्तीय विवरण के प्रारूपों पर विस्तार से चर्चा

- गैर कॉर्पोरेट संस्थाएं कर सकती वित्तीय विवरण के नए प्रारूप को समझकर बेहतर कार्य : बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच की ओर से गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में सेमिनार आयोजित करके वित्तीय विवरण के प्रारूपों पर विस्तार से चर्चा की गई। गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं के वित्तीय विवरण का प्रारूप और फास्ट ट्रैक विलय पर आधारित इस सेमिनार में सराहनीय उपस्थिति रही। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि सेमिनार में सीए संगम अग्रवाल व सीएस संतोष पांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इन वक्ताओं ने गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं के वित्तीय विवरण के प्रारूप को स्पष्ट किया और प्रश्नों के जवाब देकर प्रारूप के विविध आयाम साझा किए। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके विधि-विधान से सेमिनार की शुरुआत की गई। अमन बंसल ने कहा कि गैर कॉर्पोरेट संस्थाएं वित्तीय विवरण के नए प्रारूप को समझकर बेहतर कार्य कर सकती हैं। बंसल ने स्पष्ट किया कि गैर कॉर्पोरेट संस्थाओं की बैलेंस शीट प्रारूप में गैर-कॉर्पोरेट संस्थाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों को सुनिश्चित करने के लिए बहुत सी विशेषताएं शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि नया प्रारूप वित्तीय विवरणों में एक समान संरचना लाता है।



**हिसार।** एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन अमन बंसल व मुख्य वक्ता सीए संगम अग्रवाल व सीएस संतोष पांडे दीप प्रज्ज्वलित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एनआईआरसी हिसार ब्रांच के वाइस चेयरमैन सीए अजय गोयल, सचिव सीए मुकुल मित्तल, कोषाध्यक्ष सीए राजेश कुमार, हिसार एनआईसीएएसए के चेयरमैन सीए विशेष भारद्वाज, कार्यकारी सदस्य सीए सुनील कुमार सहित स्थानीय इकाई के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

